# जय बाबा की बोल जोगिया जय बाबा की बोल लिरिक्स

सांवरिया से नैन मिलाके,
भेद जिगर के खोल,
जय बाबा की बोल जोगिया,
जय बाबा की बोल।bd।

---

श्याम की यारी सब ते प्यारी,
इस जैसा कोई और नहीं,
श्याम रंग में रंगी चुनरिया,
दिल पे चाले ज़ोर नहीं,
बन के दीवाना नाच बावले,
मन में मस्ती घोल,
जय बाबा की बोल जोगियां,
जय बाबा की बोल।bd।

---

हर युग की हर शय में बसता,
मोहन मुरली वाला,
कलयुग में अवतार उन्ही का,
बाबा खाटू वाला,
हर एक दिल में राज करे,
मेरा बाबा है अनमोल,
जय बाबा की बोल जोगियां,
जय बाबा की बोल।bd।

---

रमता जोगी बहता पानी,
झूठा नहीं है पगले,
'सोनू लक्खा' कहे मुरारी,
राधे राधे भज ले,
सब रिश्ते झूठे जग के,
एक दिन खुल जावे पोल,
जय बाबा की बोल जोगियां,
जय बाबा की बोल।bd।

---

सांवरिया से नैन मिलाके,
भेद जिगर के खोल,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com